CNews सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-76
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार

मित्रता आनंद को दोगुना और दुख को आधा कर देती है।

बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, शुक्रवार, 21 जून 2024

तेजस्वी यादव के PS ने NEET पेपर लीक के आरोपी सिकंदर के लिए बुक कराया था कमरा

बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा बड़ा खुलासा

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

पटना, इस वक्त हृश्वश्वज्ञ पेपर लीक से जुड़ी एक और बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने इस मामले में बड़ा खुलासा किया है. बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने नीट पेपर लीक मामले में प्रेस कान्फ्रेंस कर खुलासा करते हुए बताया कि हृश्वश्वज्ञ पेपर लीक मामले के आरोपी सिकंदर के लिए तेजस्वी यादव के आप्त सचिव प्रीतम यादव ने ही पटना में गेस्ट हाउस बुक कराया था. विजय सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यादव के पीएस प्रीतम यादव और आरोपी सिकंदर का आपस में संबंध है.विजय सिन्हा ने कहा कि एनएचएआई के गेस्ट

हाउस के मामले को लेकर मैने पदाधिकारियों से साथ बैठक की है. 1 मई को तेजस्वी यादव के आप्त सचिव प्रीतम यादव के मोबाइल 74×80××××× से रात 9 बज कर 7 मिनट को एनएचएआई के ऑफिस एक्सक्यूटिव प्रदीप कुमार के मोबाइल नम्बर 94×04××××× पर कॉल कर कमरा बुक कराने कहा. उस दिन प्रदीप कुमार ने संज्ञान नहीं किया तो 4 को फिर 74×80××××× मोबाइल से बुकिंग के लिए कहा गया. 4 मई को प्रीतम यादव ने 3 बार कॉल किया.प्रेस कांफ्रेंस के दौरान विजय सिन्हा एनएचएआई के ही हाउस को बुक कराने के लिए प्रीतम कुमार के द्वारा किए गए कॉल डिटेल को दिखाया. प्रीतम कुमार तेजस्वी के पीएस हैं इस लिए बुकिंग में मंत्री शब्द का इस्तेमाल किया. बिना आवंटन लेटर के लोग एनएचएआई के गेस्ट हाउस में रुक रहे थे. तेजस्वी यादव यह स्पष्ट करें आज भी प्रीतम उनके आप्त सचिव है ,और सिकंदर यादवेंदु से क्या संबंध है. सिकंदर यादवेंदू लालू यादव जब रांची जेल में बंद थे तो रांची में सारा इसी का था. सिकंदर यादवेंदी को दानापुर का प्रभार

चिराग पासवान की फैन हुई भोजपुरी एक्टर

कहा - यह कितना क्यूट कि...

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

हाजीपुर, हाजीपुर के नवनिर्वाचित सांसद और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। चिराग पासवान ने जिस दिन से केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ ली है, तभी से उनके वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। कई जगह चिराग को नेशनल क्रश तक बताया जाने लगा है।

वहीं, अब भोजपुरी एक्ट्रेस निशा दुबे ने चिराग पासवान की एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की है। इसमें चिराग पासवान दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में केंद्रीय मंत्री के रूप में शपत लेते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, वीडियो क्लिप में निशा दुबे भी नजर आ रही हैं।

निशा दुबे ने चिराग का वीडियो

साझा करते हुए कैप्शन में लिखा- यार ये बंदा इतना क्यूट क्यों है। निशा दुबे ने वीडियो में चिराग पासवान को भी टैग किया। इस वीडियो को 4 दिन पहले शेयर किया गया था, जिसे लाखों लोग देख चुके हैं। वीडियो पर 29 हजार से ज्यादा लाइक्स भी हैं। वहीं, तरह-तरह के कमेंट्स भी आ रहे हैं।

आपको बताते चलें कि राजनीति में आने से पहले चिराग पासवान एक्टर बनने के लिए बॉलीवुड गए थे। चिराग पासवान ने बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत के साथ भी एक फिल्म की थी। हालांकि, यह फिल्म सफल नहीं रही थी। उसके बाद बिहार आकर उन्होंने अपने पिता रामविलास पासवान के साथ राजनीति शुरू की। अब वह हाजीपुर से सांसद हैं और मोदी कैबिनेट में मंत्री हैं।

बिहार में दबंगों ने घर में घुसकर लड़कियों से की छेड़खानी

विरोध किया तो मां और बेटियों को बेरहमी से पीटा

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

हाजीपुर, वैशाली में छेडख़ानी का विरोध करने पर दबंगों ने एक आंगनबाड़ी सहायिका और उसकी तीन बेटियों के साथ मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया है। सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना महनार थानाक्षेत्र के बासुदेवपुर चंदेल गांव की है। घटना को लेकर पीड़िता सहायिका ने बताया कि जब वह आंगनबाड़ी केंद्र चली जाती है और उनकी बेटियां घर में अकेली होती है, तब पड़ोस का रहने वाला सतीश सिंह, उसका लड़का विश्वजीत कुमार और श्याम सुंदर कुमार

उनकी बेटियों के साथ छेड़खानी करते हैं। महिला ने कहा कि सभी आरोपियों ने आज घर में घुसकर उसकी बेटियों से छेड़खानी का प्रयास किया। इसी बात को लेकर सतीश सिंह, विश्वजीत कुमार, श्याम सुंदर कुमार, स्वेता कुमारी, सुरुचि कुमारी, सीता देवी समेत अन्य लोगों ने लाठी डंडे से हमला कर उनके साथ बुरी तरह मारपीट की। मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है। पुलिस मामले की

एक साथ कई थानों का शिवहर एसपी ने किया औचक निरीक्षण

पुलिस कर्मियों में मचा हड़कंप

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

शेओहर, शिवहर में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद गुरुवार को जिले के पुलिस कप्तान अनंत कुमार राय अचानक दर्जनों थानों में औचक निरीक्षक के लिए पहुंच गये। एसपी के अचानक थाने में पहुंचने से पुलिस पदाधिकारी और जवानों के बीच हड़कंप मच गया।

एसपी अंनत कुमार राय ने बताया कि जिले के नगर थाना शिवहर, श्यामपुर भटहां थाना, पिपराही थाना, पुरनहिया थाना, महिला थाना, एसएसी/एसटी थाना व हिरम्मा थाना कुल 07 थाना का आज उन्होंने औचक निरीक्षण किया है। निरीक्षण के क्रम में थाने में रखे कई फाइलों की जांच की। जिसके बाद थानेदार को सख्त निर्देश दिया कि काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी क्षेत्र में रहेंगे। क्षेत्र में ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मी की भी जांच की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में कई पुलिस कर्मी पर गाज गिरने की संभावना है। एसपी ने थानेदार को निर्देश दिया कि जो भी फरार अपराधी हैं उनकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो। थाना स्तर पर आम जनता की समस्या अधिक से अधिक सुनी जाए। इस दौरान एसडीपीओ अनिल कुमार भी मौजूद थे।

फॉर्म में चिराग के जीजा

अपने संसदीय क्षेत्र में अधिकारियों की जमकर लगा दी क्लास

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

जमुई, जमुई के नवनिर्वाचित लोजपा (रामविलास) पार्टी के सांसद अरुण भारती इन दिनों अपने क्षेत्र में घूम हैं। जमुई की जनता से लगातार मिल रहे हैं उसकी परेशानियों को जानने की कोशिश कर रहे हैं। इसी क्रम में उनको पता चला कि एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी है। घटना के बाद ना तो पुलिस मौके पर पहुंची और ना ही सीओ साहब ही आए। इस बात से गुस्साएं जमुई सांसद अरुण भारती ने तुरंत सीओ को फोन लगाया और उनकी जमकर क्लास लगाई।

दरअसल घटना के बाद ना तो पुलिस पहुंची थी और ना ही कोई अधिकारी ही मौके पर पहुंचे थे। इस बात की जानकारी मिलते ही अरुण भारती ने सीओ को फोन लगाया और कहा कि अगर सांसद पहुंच सकता है तब आप और थाना भी पहुंच सकते हैं। जमुई सांसद

और सीओ साहब के बीच फोन पर बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

सीओ और सांसद के बीच फोन पर क्या बात हुई जानिए

जमुई सांसद-ः जी सीओ साहब अरुण भारती बोल रहे है

सीओ-ञ्जी सर नमस्कार..नमस्कार

जमुई सांसद-ञ्चघटना का संज्ञान है आपके पास

सीओ-ञ्जी सर संज्ञान में है सर जमुई सांसद-ञ्लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई पहुंचा क्यों नहीं

सीओ-ञ्सर हम थाना को इंफोर्म कराये थे वहां पर जाने के लिए बोले थे

जमुई सांसद अरुण भारती- थाना भी नहीं पहुंचा यहां पर सीओ साहब अगर सांसद पहुंच सकता है तब आप और थाना भी पहुंच सकते हैं कल आप मीटिंग में रहिएगा ना तो आईए बात करते हैं आपसे

दरअसल 5 जून को चकाई प्रखंड के पेंटर पहाड़ी इलाके के रहने वाले कैलाश पासवान के बेटे छोटू पासवान की हत्या पीट-पीट कर कर दी गई थी। घटना की सूचना के बाद सांसद अरुण भारती पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान पीड़ित परिवार ने उनको बताया कि घटना के बाद से ना तो पुलिस पहुंची और ना ही सीओ ही पहुंचे हैं। इतना सुनते ही सांसद अरुण भारती ने मौके से चकाई सीओ को कॉल लगा दिये और फोन पर ही क्लास लगा दी। वीडियो में अरुण भारती बोलते हुए नजर आते हैं की घटना के बाद अगर संसद पहुंच सकता है तो आप क्यों नहीं आइए दिशा की मीटिंग में बात करते हैं। बता दें कि सांसद बनने के बाद पहली बार अपने तीन दिवसीय दौरे के लिए अरुण भारती जमुई पहुंचे थे।

शिवहर में एक कारोबारी समेत 6 पियक्कड़ गिरफ्तार

10 बोतल विदेसी शराब बरामद

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

शिवहर, मध निषेध उत्पाद विभाग अधीक्षक रणधीर कुमार के निर्देश पर उत्पाद पुलिस के द्वारा जिले के अलग-अलग जगहों सुगिया, लालगढ़, डुमरी कटसरी, श्यामपुर, कुशहर में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया।

इस दौरान 180 एमएल का 10 बोतल विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी समेत 6 पियक्कड़ को गिरफ्तार किया गया।

वही शराब कारोबारी की पहचान श्यामपुर भट्हा वार्ड 10 निवासी सुरेंद्र कुंवर के पुत्र सुनील कुंवर के रूप में की गई,गिरफ्तार कारोबारी को बिहार मध निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

वही छापेमारी अभियान में मध निषेध इंस्पेक्टर हरिलाल राम ,सहायक अवर निरीक्षक ओम प्रकाश यादव , संजीत कुमार , कमल किशोर कुमार एवं अन्य गृह रक्षक बल मौजूद थे।

लकड़ी माफिया का आतंक

वन विभाग के दारोगा को ट्रक से रौंदा, हालत गंभीर

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ

मुजफ्फरपुर, बिहार में लोग जीवन बसर करने को लेकर अलग अलग तरह के धंधे करते हैं। लेकिन, इसमें कुछ धंधे वैध होते हैं तो कुछ अवैध और इन्हीं अवैध धंधों पर पुलिस की नजर बनी हुई होती है। लेकिन, सवाल उस समय बन जाता है जब अवैध धंधे पर रोक लगाने के लिए पुलिस टीम एक्टिव होती है तो उस पर जानलेवा हमला कर दिया जाता है। इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला मुजफ्फरपुर से निकल कर सामने आया है।जहां वन विभाग के एक दारोगा पर हमला किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरपुर में कार्रवाई के दौरान वन विभाग का एक दारोगा उनका शिकार बन गया। बैरिया-पुरानी मोतिहारी रोड में लकड़ी लदे ट्रक को रोकने पर ट्रक चालक ने वन विभाग के दारोगा को रौंद दिया और गाड़ी लेकर फरार हो गया। दारोगा गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें इलाज के लिए बैरिया स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

वहीं, इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि वन विभाग के दारोगा रवि शंकर श्रीवास्तव लकड़ी लदे ट्रक को रोकने का प्रयास कर रहे थे।इसके लिए वह सड़क पर सामने से आकर ट्रक को आगे से हाथ दे रहे थे। चालक ने ट्रक नहीं रोका और दारोगा को रौंदते हुए भाग निकला। उसके बाद गंभीर रूप से जख्मी दारोगा सड़क पर पड़े रहे बाद लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया और अस्पताल प्रबंधन ने वन विभाग के अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद बड़ी संख्या में वनकर्मी अस्पताल पहुंचे।

उधर, इस मामले को मुजफ्फरपुर पुलिस ने भी गंभीरता से लिया है। घायल दारोगा का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनकी स्थिति ठीक नहीं है। अहियापुर पुलिस ट्रक की पहचान कर उसे पकड़ने की कार्रवाई में जुट गई है। इलाके के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है ताकि उस ट्रक का सुराग मिल सके। वन विभाग भी इस घटना के बाद और एक्टिव हो गया है। मुजफ्फरपुर वन प्रमंडल के सभी आधिकारियों को छापेमारी का निर्देश दिया गया है। मुजफ्फरपुर पुलिस और प्रशासन की मदद लेकर लकड़ी के अवैध कारोबार को उखाड़ने की तैयारी शुरू हो गई है।